राजस्थान–सरकार

तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर

W-6, Gorav path, Residency Road, Jodhpur-342032
dte_raj@rajasthan.gov.in

क्रमांकःएफ–5(1–बी)तशिनि / ई–2 / 2024–25 / 7125 दिनांकः–08.08.2022

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

विषयः **डिप्लोमा प्रथम वर्ष (इंजीनियरिंग) एवं डिप्लोमा प्रथम वर्ष (नॉन इंजीनियरिंग) पाठ्यक्रमों में सत्र 2024–25 में संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित करने बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि डिप्लोमा प्रथम वर्ष (इंजीनियरिंग) एवं डिप्लोमा प्रथम वर्ष (नॉन इंजीनियरिंग) पाठ्यक्रमों में सत्र 2024–25 में संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश हेतु प्रवेश विज्ञप्ति की प्रति संलग्न कर निवेदन है कि उपरोक्त विज्ञप्ति को राज्य के **राज्य स्तरीय** मुख्य दैनिक समाचार पत्रों **(राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक भास्कर)** में **(12x12cm में)** दिनांक 14.08.2024 या 15.08.2024 को प्रकाशित करवाने श्रम करावें।

प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 22.08.2024 से प्रारम्भ होने जा रही है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार :–विज्ञप्ति की प्रति

भवदीय,

निदेशक, तकनीकी शिक्षा

क्रमांकःएफ–5(1–बी)तशिनि / ई–2 / 2024 / **दिनांकः 08.08.2024**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैंः–

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री महोदय, तकनीकी शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक एवं सचिव, प्राविधिक शिक्षा मण्डल / प्रशिक्षण / टीटीसी, जोधपुर।
4. प्रधानाचार्य एवं संयोजक, (प्रथम वर्ष इंजीनियरिंग प्रवेश सत्र 2024–25) राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर।
5. प्रधानाचार्य एवं संयोजक, (प्रथम वर्ष नॉन इंजीनियरिंग प्रवेश सत्र 2024–25) राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जयपुर।
6. प्रधानाचार्य, समस्त राजकीय / राजकीय महिला एवं निजी / निजी महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय।
7. सहायक प्रोग्रामर, मुख्यालय को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करें एवं समस्त पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों कोई–मेल भी करें।

RajKaj Ref
9669896

निदेशक, तकनीकी शिक्षा

Signature valid
Digitally signed by Anshu Kumar Sahgal
Designation : Director
Date: 2024.08.08 16:36:42 IST
Reason: Approved

राजस्थान सरकार

तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर

डब्ल्यू–6, रेजीडेन्सी रोड़, जोधपुर – 342001

Web: dte.rajasthan.gov.in, hte.rajasthan.gov.in e-mail: dte_raj@rajasthan.gov.in

क्रमांकः एफ 5(1–बी)/ई–2/2024–25/ दिनांकः 08.08.2023

डिप्लोमा प्रथम वर्ष (इंजीनियरिंग) एवं डिप्लोमा प्रथम वर्ष (नॉन इंजीनियरिंग) में रिक्त रहे स्थानों पर संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश की सूचना

प्रवेश सत्र 2024–25 के लिये राजस्थान के समस्त पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में केन्द्रीय प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त रिक्त रहे स्थानों पर **संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश (Direct Admission)** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। **रिक्त स्थानों, प्रवेश सम्बन्धी आवेदन फार्म, पूर्ण विवरण एवं कार्यक्रम की सूचना विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश संबंधित तिथियां निम्नानुसार हैः–**

	प्रथम वर्ष (इंजीनियरिंग)	प्रथम वर्ष (नॉन इंजीनियरिंग)
संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश की तिथियां	22.08.2024 से 27.08.2024 तक	22.08.2024 से 27.08.2024 तक

प्रत्येक उक्त कार्य दिवसों पर अपराहन 12:00 बजे तक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे। उसी दिवस प्राप्त आवेदनों की अपराहन 01:00 बजे मेरिट लिस्ट तैयार की जाकर मेरिट अनुसार व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा प्रवेश दिये जायेगे।

प्रवेश के लिए व्यक्तिगत काउंसलिंग हेतु प्रार्थी स्वयं को, सभी आवश्यक मूल (Original) दस्तावेज दसवीं/बाहरवीं उत्तीर्ण की मूल अंक तालिका, राजस्थान का मूल निवास प्रमाण–पत्र एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी जाति प्रमाण–पत्र इत्यादि मय शुल्क की प्रथम किश्त (शुल्क सारणी के अनुसार) लेकर संबंधित संस्थान में उपस्थित होवें। शुल्क एवं वांछित मूल दस्तावेज के अभाव में सीट आवंटन किया जाना संभव नहीं हो सकेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

प्रथम वर्ष इंजीनियरिंग हेतु संयोजक एवं प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर (0291–2649439, 2949424) ई–मेल gpc.jodhpur2024@gmail.com एवं प्रथम वर्ष (नॉन इंजीनियरिंग) हेतु संयोजक एवं प्रधानाचार्य, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, गांधीनगर, जयपुर (0141–2706688, 8619637821) ई मेलः– mahila.admission@gmail.com एवं gwpc.jaipur@rajasthan.gov.in पर सम्पर्क करें।

निदेशक, तकनीकी शिक्षा

ये मुद्रित नही किया जाना है। विज्ञप्ति 12x12cm में प्रकाशित करावें

निदेशक, तकनीकी शिक्षा

RajKaj Ref
9669896

Signature valid

Digitally signed by Anshu Kumar Sahgal
Designation : Director
Date: 2024.08.08 16:36:42 IST
Reason: Approved